# महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रेवाड़ी ( हरियाणा )

## विज्ञप्ति

जिला रेवाड़ी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पूरक: अस्थायी एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन (वर्ष 2026) आवेदन आमंत्रण सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा अंतर्गत जिला रेवाड़ी के महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पूरक: अस्थायी एवं मानदेय आधारित, रिक्त पदों हेतु पात्र महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित दिनांकानुसार निम्न पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| स.क्र. | जिला | परियोजना | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
| 1 | रेवाड़ी | खोल | 26 | 61 |
| 2 | | बावल | 26 | 74 |
| 3 | | रेवाड़ी ग्रामीण | 8 | 64 |
| 4 | | जाटूसाना | 29 | 53 |
| 5 | | नाहड़ | 6 | 48 |
| 6 | | रेवाड़ी शहरी | 8 | 51 |
| | | **कुल** | **103** | **351** |

विभाग में परियोजना के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरनेकी आतंरिक है । सभी आंगनवाड़ी वर्कर व सहायिका के रिक्त पदों का विवरण संबंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय पर उपलब्ध है। *(नोटः उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट-बढ़ / परिवर्तित हो सकती है।)*

उपरोक्त पदों का परियोजना / ग्राम पंचायत / वार्ड विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जिला के उपयुंक्त महोदय, अतिरिक्त उपार्युक्त महोदय सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है।

### विज्ञापित पदों की अईता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु मुख्य नियम एवं शर्ते निम्नवत् हैं:-

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल संबंधित ग्राम पंचायत / वार्ड की महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. **आंगनवाड़ी कार्यकर्ता** के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योम्यता **इंटरमीडिएट (12वीं)** होगी तथा मैट्रिक इंटरमीडिएट के वास्तविक प्राप्तांक (Actual Marks) के आधार पर तैयार की जायेगी। उच्च शिक्षा (स्नातक हेतु 3 अंक तथा स्नातकोत्तर हेतु 5 अंक) के अतिरिक्त अंक नियमअनुसार मेरिट सूची में जोड़े जायेंगे।
3. **आंगनवाड़ी सहायिका** के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योम्यता **मैट्रिक (10वीं)** होगी तथा मैट्रिक के वास्तविक प्राप्तांकों (Actual Marks) के आधार पर तैयार की जायेगी। उच्च शिक्षा (12वीं हेतु 3 अंक तथा स्नातक या समकक्ष हेतु 5 अंक) के अतिरिक्त अंक नियमअनुसार मेरिट सूची में जोड़े जायेंगे।
4. विशेष परिस्थिति वाली श्रेणियों (जैसे विधवा, तलाकशुदा अथवा निर्धारित नियमों के अंतर्गत आने वाली पात्र महिला) को 10 अंक की विशेष वरीयता दी जायेगी।
5. **कार्य अनुभव (Experience) – [अधिकतम 5 अंक]:** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता / कैद्र वर्कर / आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में पूर्व में किए गए कार्य के लिए प्रति वर्ष 1 अंक दिया जाएगा। एक वर्ष का अनुभव – 1 अंक, 2 वर्ष का अनुभव – 2 अंक, 3 वर्ष का अनुभव – 3 अंक, 4 वर्ष का अनुभव – 4 अंक, 5 वर्ष या उससे अधिक का अनुभव – 5 अंक। *गोट: 1 वर्ष से कम की अवधि के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। केवल संबंधित WCDPO या DPO द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।*
6. **अतिरिक्त उच्च शिक्षा (Additional Higher Education) – [अधिकतम 5 अंक]:**
   - आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु: स्नातक योम्यता के लिए 3 अंक तथा स्नातकोत्तर के लिए 5 अंक दिए जायेंगे।
   - आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु: 12वीं (10+2) योम्यता के लिए 3 अंक तथा स्नातक के लिए 5 अंक दिए जायेंगे।
7. आवेदिका की रिक्त पद के ग्राम पंचायत/वार्ड (शहरी क्षेत्र) की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत में आने वाले समस्त सम्मिलित होंगे।
8. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी सहायिका का चयन विभाग द्वारा निर्धारित चयन कमेटी के द्वारा ग्राम व वार्ड अनुसार मेरिट सूची के आधार पर किया जायेगा।
9. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि (01 जुलाई, 2026) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष होगी *(आयु सीमा में विशेष छूट – विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता (Deserted), ऐसी महिलाएं जिनके पति की उम्रकैद की सजा हुई हो या जिसका पति 70% या उससे अधिक दिव्यांग हो (सक्षम मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर), उन्हें नियमअनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी तथा उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी)*
10. निवास व जाति प्रमाण पत्र के संबंध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगे, जिसका ऑनलाइंन सत्यापन संभव होगा।
11. विज्ञापित पदों हेतु केवल संबंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के अंदर प्राप्त ही स्वीकार होंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र ही मान्य होंगे।
12. त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि **दिनांक 20.07.2026 से दिनांक 29.07.2026 के साय 5:00 बजे तक** स्वीकारं होंगे।

**Distt. Programme Offices**
**Woman & Child Development**
**Rewari**

**No., 47265/HRY**